वैधानिक एवं स्वतंत्र संस्थान है। इसके तहत कुछ क्षेत्र के पदाधिकारी इससे बाहर रखे गये हैं–

- मुख्यमंत्री, राजस्थान
- महालेखाकार, राजस्थान
- राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष व सदस्य
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त, निर्वाचन आयुक्त, प्रादेशिक आयुक्त, राजस्थान
- राजस्थान विधान सभा सचिवालय के अधिकारी व कर्मचारी
- सेवानिवृत्त लोक सेवक
- पंच एवं सरपंच, आदि

135. निम्नलिखित में से कौन राजस्थान में लोकायुक्त की जाँच के दायरे में नहीं आते?

(i) मंत्री
(ii) विभागीय सचिव
(iii) राज्य विधान सभा सचिवालय के कर्मचारी
(iv) महालेखाकार- राजस्थान

सही कूट का चयन कीजिए-

(a) (i) एवं (iv) (b) (iii) एवं (iv)
(c) केवल (iv) (d) (i), (ii) एवं (iv)

Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022

Ans. (b) **:** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें

136. राजस्थान में लोकायुक्त के क्षेत्राधिकार पर विचार कीजिए तथा दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए –

(A) केवल मंत्री
(B) मुख्यमंत्री सहित मंत्री
(C) राजस्थान राज्य के कानून द्वारा स्थापित निगमों के सेवक
(D) जिला प्रमुख, उपजिला प्रमुख, प्रधान एवं उपप्रधान

कूट :

(a) (A) और (C) (b) (B) और (C)
(c) (A), (C) और (D) (d) (B), (C) और (D)

उत्तर – (c)

RPSC RAS/RTS 2013

व्याख्या – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

137. निम्न में से किन पदाधिकारी/पदाधिकारियों के खिलाफ शिकायत प्राप्त होने पर लोकायुक्त, राजस्थान द्वारा जाँच नहीं की जा सकती है?

(a) पंचायत समितियों के प्रधान एवं उप-प्रधान
(b) पंचायत समितियों की स्थायी समितियों के अध्यक्ष
(c) सरपंच एवं पंच
(d) जिला परिषद का उप-प्रमुख

उत्तर (c)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

138. निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार करें:

1. राजस्थान में लोकायुक्त संस्था को वर्ष 1973 में स्थापित किया गया था।
2. न्यायमूर्ति आई.डी.दुआ राजस्थान राज्य के प्रथम लोकायुक्त थे।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 2 सही है (b) 1 एवं 2 दोनों सही है
(c) 1 एवं 2 दोनों गलत है (d) केवल 1 सही है

पटवार 2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-III

Ans. (b) – राजस्थान में लोकायुक्त संस्था को वर्ष 1973 में स्थापित किया गया था। राजस्थान के प्रथम लोकायुक्त आई.डी. दुआ थे। संशोधन अधिनियम 2019 के अनुसार लोकायुक्त का कार्यकाल 5 वर्ष या 65 वर्ष जो भी पहले हो, होगी। लोकायुक्त पुनर्नियुक्ति का पात्र नही होगा। कदाचार या असमर्थता की स्थिति में राज्यपाल द्वारा हटाया जा सकता है। वर्तमान में राजस्थान राज्य के लोकायुक्त न्यायमूर्ति श्री प्रताप कृष्ण लोहरा 13वें लोकायुक्त (पूर्व न्यायाधीश राजस्थान उच्च न्यायालय) हैं।

139. राजस्थान के प्रथम लोकायुक्त कौन नियुक्त किये गये थे?

(a) श्री आई.डी. दुआ (b) श्री के.पी.यु. मेनन
(c) श्री मिलाप चन्द्र जैन (d) श्री रंगनाथ मिश्र

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

140. राजस्थान में लोकायुक्त का कार्यकाल होता है:

(a) 5 वर्ष या 66 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो।
(b) 5 वर्ष या 60 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो।
(c) 5 वर्ष या 62 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो।
(d) 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो।

पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

141. राजस्थान में लोकायुक्त के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. न्यायमूर्ति आई.डी.दुआ राजस्थान के प्रथम लोकायुक्त थे।
2. लोकायुक्त व्यवसाय में शामिल नहीं हो सकता।
3. वह संसद या विधानसभा का सदस्य होना चाहिए।

उपर्युक्त में से कौन से सही है?

(a) 1,2,3 (b) 2,3
(c) 1,2 (d) 1,3

पटवार-2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (c) – वर्ष 1973 में राजस्थान में लोकायुक्त संस्था की स्थापना की गई। लोकायुक्त की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष तथा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सलाह के बाद की जाती है। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश या सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को लोकायुक्त नियुक्त किया जा सकता है। लोकायुक्त किसी व्यवसाय में शामिल नहीं हो सकता तथा वह संसद या विधानसभा का सदस्य नहीं होना चाहिए।